TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**10 नवंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विनम्रता में रहो, अहंकार मत करो।

**डॉ राजेंद्र प्रसाद**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
10 नवंबर


मधु प्रिया

# विश्व विज्ञान दिवस 10 नवम्बर




विश्व विज्ञान दिवस समाज में विज्ञान की महत्त्वपूर्ण भूमिका और उभरते वैज्ञानिक मुद्दों पर जनता को व्यापक स्तर पर संलग्न करने के उद्देश्य से यूनेस्को द्वारा प्रत्येक वर्ष 10 नवम्बर को विश्व विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यह दिवस, विज्ञान के महत्त्व एवं प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए सभी सरकारी अधिकारियों, विद्यार्थियों, मीडिया आदि को एक साथ जोड़ने का प्रयास करता है। वर्ष 2020 के लिये विज्ञान दिवस की थीम 'विज्ञान, समाज के लिये और समाज के साथ' है। इस वर्ष वैज्ञानिक दृष्टिकोण के द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने के लिये यूनेस्को ने तीन प्रमुख पहलों को अपनाया है, ये पहलें हैं- अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को प्रोत्साहन, स्वच्छ जल तक पहुँच सुनिश्चित करना और पारिस्थितिक पुनर्निर्माण का समर्थन। विज्ञान दिवस मनाने का विचार सर्वप्रथम बुडापेस्ट में वर्ष 1999 में आयोजित 'विश्व विज्ञान सम्मेलन' में प्रस्तुत किया गया था। तत्पश्चात यूनेस्को द्वारा वर्ष 2001 में इस दिवस की घोषणा की गई तथा पहला विश्व विज्ञान दिवस 10 नवम्बर, 2002 को मनाया गया। इस दिवस के माध्यम से यूनेस्को ने संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया है इज़रायल-फिलिस्तीनी विज्ञान संगठन का निर्माण इसी का एक उदाहरण है।

# जयंती विशेष 10 नवंबर




**डॉ सच्चिदानन्द सिन्हा** (10 नवम्बर 1871 - 6 मार्च 1950) भारत के प्रसिद्ध सांसद, शिक्षाविद, अधिवक्ता तथा पत्रकार थे। वे भारत की संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे। बिहार को बंगाल से पृथक राज्य के रूप में स्थापित करने वाले लोगों में उनका नाम सबसे प्रमुख है। 1910 के चुनाव में चार महाराजों को परास्त कर वे केन्द्रीय विधान परिषद में प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। वे प्रथम भारतीय हैं जिन्हें एक प्रान्त का राज्यपाल और हाउस ऑफ् लार्डस का सदस्य बनने का श्रेय प्राप्त है। वे प्रिवी कौंसिल के सदस्य भी थे।

# MATH TLM

82 Class-6to8

## कोण (Angle)


### विभिन्न प्रकार के कोण

### 7• पूरक कोण

यदि दो कोणों की मापों का योगफल 90° हो तो,वे परस्पर पूरक कोण कहलाते हैं।

### 8• सम्पूरक कोण

यदि दो कोणों की मापों का योगफल 180° हो तो ,वे परस्पर सम्पूरक कोण कहलाते हैं।




पूरक कोण सम्पूरक कोण

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर

## महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप

स्रोत: प्रभा साक्षी

# भारत नया चैंपियन




| वर्ष | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 1973 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया |
| 1978 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड |
| 1982 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड |
| 1988 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड |
| 1993 | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड |
| 1997 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूजीलैंड |
| 2000 | न्यूजीलैंड | ऑस्ट्रेलिया |
| 2005 | ऑस्ट्रेलिया | भारत |
| 2009 | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड |
| 2013 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2017 | इंग्लैंड | भारत |
| 2022 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड |
| 2025 | भारत | साउथ अफ्रीका |

## किसे मिलेगी कितनी राशि (2025)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39.5 करोड़ | 19.7 करोड़ | 9.8 करोड़ | 30.3 करोड़ | 122.5 करोड़ |
| विजेता टीम | उपविजेता टीम | सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम | ग्रुप स्टेज जीतने वाली टीम | कुल राशि |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10.11.2025


## व्यवस्थित अध्ययन

व्यवस्थित अध्ययन का अर्थ है किसी विषय पर किए गए सभी अध्ययनों का व्यवस्थित रूप से विश्लेषण करना, जिसके निष्कर्ष पूर्वाग्रह को कम करने और एक संतुलित निष्कर्ष पर पहुँचने में मदद करते हैं। यह एक कठोर पद्धति है जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित है और अक्सर इसे "व्यवस्थित समीक्षा" भी कहा जाता है। इस प्रकार के अध्ययन में, शोधकर्ता एक स्पष्ट प्रोटोकॉल का पालन करके सभी उपलब्ध साक्ष्यों की पहचान, मूल्यांकन और संश्लेषण करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**सीएम देवेंद्र फडणवीस** ने एक विशेष सम्मान समारोह के दौरान महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप **विजेता टीम** की तीन स्टार खिलाड़ियों- **स्मृति मंधाना**, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को सम्मानित किया और तीनों खिलाड़ियों को **2.25 करोड़ रुपये** का नकद पुरस्कार देकर उन्हें **महाराष्ट्र का गौरव** करार दिया।


पद्य पंकज
अवसर तेरे लिए खड़ा है,
फिर भी तू चुपचाप पड़ा है।
तेरा कर्मक्षेत्र बड़ा है,
पल पल है अनमोल।
अरे भारत! उठ, आंखें खोल।।
मैथिली शरण गुप्त
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# जयंती पर सादर नमन

## सच्चिदानंद सिन्हा

10 नवंबर 1871-6 मार्च 1950



Madhu priya

www.teachersofbihar.org


10 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
PASSPORT
विश्व परिवहन दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


विश्व विज्ञान दिवस
10 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org